# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
25/02/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Ranturya, Varanasi, (UP)**

# पुलिस व आरएएफ ने किया पैदल मार्च

**रणतूर्य संवाददाता**

**अतरौलिया-आजमगढ़।** आगामी पर्व होली व अन्य त्योहारों को देखते आर.ए.एफ जवान और पुलिस ने संयुक्त रूप से किया फ्लैग मार्च , सुरक्षा का दिया भरोसा।

बता दे कि शुक्रवार को अतरौलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 91 बटालियन के अर्ध सैनिक बल आर ए एफ व पुलिस द्वारा होली पर्व को देखते हुए फ्लैग मार्च कर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराते हुए सभी को पर्व में सतर्क रहने एवं किसी प्रकार का खलल ना डालने का संदेश दिया। थाना परिसर से नगर क्षेत्र में आर ए एफ एवं थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह द्वारा जवानों के साथ मिलकर नगर के विभिन्न वार्डों,बुधनिया रोड, रोडवेज, मदियापार मोड़,केशरी चैक आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को एहसास कराया कि हम मौजूद हैं।अर्ध सैनिक बल व पुलिस के जवानों ने पूरे नगर क्षेत्र में भ्रमण कर शांति और सुरक्षा का लोगों को भरोसा दिलाया तथा होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने का संदेश दिया।



अगामी होली पर्व को देखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने व किसी प्रकार की दुर्व्यवस्था उत्पन्न ना होने देने का एहसास कराते हुए फ्लैग मार्च किया। नगर क्षेत्र में प्रवेश करते ही जवानों के बूटों की आवाज सुन लोग डर गए ,लेकिन प्रशासन ने उन्हें हर्षोल्लास के साथ परंपरागत होली त्यौहार मनाने के लिए पुलिस प्रशासन को उनके साथ होने का एहसास दिलाया। जवानों ने यह एहसास दिलाया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन हमेशा तैयार है। होली पर्व पर किसी भी प्रकार की दुर्व्यवस्था व अमन शांति में खलल डालने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, आर ए एस के इंस्पेक्टर शशिकांत यादव, यस आई एमपी मिश्रा, उपनिरीक्षक उमेश कुमार यादव, प्रभात चंद्र पाठक, रफी अहमद समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

**वकार गैंग हुआ सूचीबद्ध,डी-119 के नाम से होगी पहचान**

-रणतूर्य संवाददाता

आजमगढ़। जनपद में संगठित गिरोह बनाकर हत्या जैसे गंभीर वारदातों को अंजाम देकर जनमानस में आतंक कायम करने वाले अपराधी गिरोह में चिन्हित किए गए वकार गैंग को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर पुलिस रिकार्ड में सूचीबद्ध किया गया है बताते हैं कि जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अशरफपुर ग्राम निवासी वकार पुत्र गयासुद्दीन अपने गिरोह में शामिल अपराधियों के साथ हत्या जैसे संगीन वारदातों को अंजाम देता है। इस गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गैंग को जिला स्तर पर पुलिस रिकार्ड में सूचीबद्ध किया गया है। इस गिरोह को डी-119 कोड नंबर आवंटित किया गया है।

Arthparkash, Bawana, (New Delhi)

# रैपिड एक्शन फोर्स ने थाना सफीदों क्षेत्र के संवेदनशील इलाके व संस्थानों की जानकारी प्राप्त कर निकाला पैदल मार्च



अर्थ प्रकाश/दीवान

**सफीदों, 24 फरवरी।** ए/194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा सहायक कमांडेंट विजय कुमार के नेतृत्व परिचित अभ्यास के क्रम में सफीदों के सिटी थाना प्रभारी सुरेश कुमार से मुलाकात की और क्षेत्र के संबंध में विभिन्न अहम जानकारियां हासिल की। थाना सफीदों क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाके तथा संस्थानों की जानकारी प्राप्त करके विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया व नगर के जेसीज भवन में इलाके के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों व गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके अलावा आमजन से भविष्य में संभावित दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी हासिल की। साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों व आमजन के बीच वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। सहायक कमांडेंट विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि फलैग मार्च व मैच कराए जाने का मुख्य उद्देश्य जनता, प्रशासन व फोर्स के बीच समन्वय और सौहार्द कायम करना रहा है। इस मौके पर सहायक कमांडेंट विजय कुमार, सतीश कुमार, सहायक निरीक्षक ओमप्रकाश, रामानंद बिश्नोई, राजेश शर्मा, निरीक्षक योगेंद्र बशीठा, उप निरीक्षक कृपा बाई व सफीदों शहर थाना प्रभारी सुरेश कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

Jan Sandesh, Azamgarh, (UP)

# आरएएफ संग पुलिस का फ्लैग मार्च



निजामाबाद कस्बे में फ्लैग मार्च करती आरएएफ व पुलिस टीम



तहबरपुर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च करती आरएएफ व पुलिस टीम

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** होली पर्व के तहत लोगो में सुरक्षा का अहसास कराने के लिए पुलिस ने कस्बा समेत आसपास आरएएफ फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया।

रैपिड एक्सन फोर्स व स्थानीय पुलिस टीम ने थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, आरएएफ प्रभारी अमिताभ के नेतृत्व में कोटिला, चेकपोस्ट, पटेल नगर समेत कस्बे के अन्य भाग में फ्ले गमार्च कर लोगो में सुरक्षा का अहसास कराया। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व पर शांति में खलल कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। खलल डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। कोई नयी परंपरा नहीं लागू होगी। किसी भी आपात स्थिति की सूचना पुलिस को दें जिससे समय रहते कार्यवाही की जा सके।

इसी क्रम में आरएएफ व पुलिस टीम ने प्रमोद सिरसाट व कमांडेंट अमिताभ कुमार के निर्देशन में 91 बटालियन रैपिड एक्शनफोर्स की 70 सदस्यीय टीम ने जनपद के बरदह, जहानागंज, मेंहनगर, बरवां, मेंहनाजपुर, देवगांव, गंभीरपुर, तहबरपुर एवं रानी की सराय थाना क्षेत्रों में चक्रमण किया। निजामाबाद प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय नगर में सब इंस्पेक्टर धनंजय शुक्ला के नेतृत्व में आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट प्रमोद शिरसाट व निरीक्षक रविंद, निरीक्षक दिवाकर सिंह के साथ 91 आरएएफ टीम के साथ सिविल पुलिस के जवानों ने कस्बे में फ्लैग मार्च किया। उन्होंने जगह जगह रुक कर लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली के त्यौहार को मनाने की अपील की। अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार शुक्रवार को अतरौलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 91 बटालियन के अर्ध सैनिक बल आरएएफ व पुलिस द्वारा होली पर्व को देखते हुए फ्लैग मार्च कर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराया गया। नगर के विभिन्न वार्डों, बुधनिया रोड, रोडवेज, मंदियापार मोड़, केशरी चैक आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने का संदेश दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, आरएएफ के इंस्पेक्टर शशिकांत यादव, एसआई एमपी मिश्रा, उपनिरीक्षक उमेश कुमार यादव, प्रभात चंद्र पाठक, रफी अहमद आदि मौजूद रहे।

Swantantra Chetha, Varanasi, (UP)

# आरएएफ व पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च



स्वतंत्र चेतना/अतरौलिया। शुक्रवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 91 बटालियन के अर्ध सैनिक बल आर ए एफ व पुलिस द्वारा होली पर्व को देखते हुए फ्लैग मार्च कर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराते हुए सभी को पर्व में सतर्क रहने एवं किसी प्रकार का खलल ना डालने का संदेश दिया। थाना परिसर से नगर क्षेत्र में आर ए एफ एवं थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह द्वारा जवानों के साथ मिलकर नगर के विभिन्न वार्डो,बुधनिया रोड, रोडवेज, मदियापार मोड़,केशरी चौक आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को एहसास कराया कि हम मौजूद हैं।अर्ध सैनिक बल व पुलिस के जवानों ने पूरे नगर क्षेत्र में भ्रमण कर शांति और सुरक्षा का लोगों को भरोसा दिलाया तथा होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने का संदेश दिया।अगामी होली पर्व को देखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने व किसी प्रकार की दुर्व्यवस्था उत्पन्न ना होने देने का एहसास कराते हुए फ्लैग मार्च किया। नगर क्षेत्र में प्रवेश करते ही जवानों के बूटों की आवाज सुन लोग डर गए ,लेकिन प्रशासन ने उन्हें हर्षोल्लास के साथ परंपरागत होली त्यौहार मनाने के लिए पुलिस प्रशासन को उनके साथ होने का एहसास दिलाया। जवानों ने यह एहसास दिलाया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन हमेशा तैयार है। होली पर्व पर किसी भी प्रकार की दुर्व्यवस्था व अमन शांति में खलल डालने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, आर ए एस के इंस्पेक्टर शशिकांत यादव, यस आई एमपी मिश्रा, उपनिरीक्षक उमेश कुमार यादव, प्रभात चंद्र पाठक, रफी अहमद समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

**Punjab Kesari, Bawana, (New Delhi)**

# रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी ने किया शाहाबाद एरिया का भ्रमण



रैपिड एक्शन फोर्स की टीम हैल्पर्स के प्रधान तिलकराज अग्रवाल से जानकारी लेते हुए। (रणजीत)

शाहाबाद मारकंडा, 24 फरवरी (रणजीत) : गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाइडलाइन के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी कमाण्डेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार व राजीव कुमार एसिस्टेंट कमांडेंट के नेतृत्व में जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों की जानकारी जुटाने के लिए कुरुक्षेत्र पहुंची। 22 फरवरी 2023 को रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमाण्डैन्ट राजीव कुमार के नेतृत्व में प्लाटून के सदस्यों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जिला मे स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानों के बारे मे चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बारे भी विस्तार से चर्चा की है ।

करीब 60 जवानों की टीम क्षेत्र की जानकारी हासिल करने के लिए शाहबाद पहुंची। शाहाबाद मे सबसे पहले रैपिड एक्शन फोर्स टीम ने उप पुलिस अधीक्षक शाहबाद रणधीर सिंह से मुलाकात की । थाना शाहाबाद प्रभारी निरीक्षक राजपाल की टीमों के साथ मिलकर थाना शाहाबाद एरिया में फ्लैग मार्च निकाला और एरिया की जानकारी एकत्रित की। रैपिड एक्शन फोर्स ने शाहाबाद में दुर्घटना पीड़ितों को हर संभव सहायता पहुंचा रही हैल्पर्स के प्रधान तिलकराज अग्रवाल से भी हैल्पर्स भवन में भेंट की और बताया कि किसी भी संवेदनशील या अति संवेदनशील मामलों में जब उनकी टीम उस क्षेत्र में पहुंचती है तो संस्थाओं का सहयोग भी लेती है जिस कारण उन्हें गंतव्यों तक पहुंचने में आसानी होती है। इस टुकडी में पुरुष जवानों के साथ महिला निरीक्षक मीतू कुमारी सहित 10 महिला जवानो की टीम भी शामिल है ।

Yes Babu News, Kurukshetra, (New Delhi)

# रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी ने किया शाहबाद व झांसा एरिया का भ्रमण

## जिला के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करके जुटा रही जानकारी



**कुरुक्षेत्र, यशबाबू समाचार**

गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी कमाण्डेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार व राजीव कुमार एसिसस्टैंट कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों की जानकारी जुटाने के लिये कुरुक्षेत्र पहुंची। 22 फरवरी को रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमाण्डैन्ट राजीव कुमार के नेतृत्व में प्लाटून के सदस्यों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जिला मे स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानो के बारे में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बारे भी विस्तार से चर्चा की है।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह आरएएफ की बटालियन 194 के सहायक कमांडेंट राजीव कुमार की अगुवाई में इंस्पेक्टर नीरज कुमार सहित करीब 60 जवानो की टीम क्षेत्र की जानकारी हासिल करने के लिए शाहबाद पहुंची। शाहबाद में सबसे पहले रैपिड एक्शन फोर्स टीम ने उप पुलिस अधीक्षक शाहबाद रणधीर सिंह से मुलाकात की। थाना शाहबाद प्रभारी निरीक्षक राजपाल की टीमों के साथ मिलकर थाना शाहबाद एरिया में फ्लैग मार्च निकाला और एरिया की जानकारी एकत्रित की। रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ी शाहबाद के एरिया के जन-प्रतिनिधियों से मुलाकात करके हालातों के बारे में जायजा लिया गया। इसके बाद थाना झांसा प्रभारी उप निरीक्षक जगबीर सिंह से मुलाकात की, एरिया में फ्लैग मार्च निकाला व थाना झांसा एरिया की जानकारी ली। इस टुकड़ी में पुरुष जवानों के साथ महिला निरीक्षक मीतू कुमारी सहित 10 महिला जवानो की टीम भी शामिल है। पत्रकारों से बात करते हुए रैपिड एक्शन फोर्स के सहायक कमांडेंट राजीव कुमार ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार व कमांडेंट राकेश कुमार के मार्गनिर्देश में 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टीम कुरुक्षेत्र एरिया में पहुंची है जहां पर एक सप्ताह तक टीम द्वारा अलग-अलग एरिया में जाकर कुछ जानकारी जुटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी टीम एरिया में पूर्व में हुई घटनायों के बारे में कारणों सहित जानकारी एकत्रित करेगी ताकि भविष्य में किसी भी समस्या के आने पर उसपर समय रहते निवारण किया जा सके।

Punjab Kesari , Patna, (Bihar)

# जनता को भयमुक्त करने, मनोबल बढ़ाने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आर. ए. एफ. द्वारा फ्लैग मार्च निकाला



*गांव झांसा के थाना में पुलिस के साथ आर.ए.एफ. यूनिट के जवान फ्लैग मार्च निकालते हुए।* (शर्मा)

इस्माईलाबाद, 24 फरवरी (शर्मा) : आर.ए.एफ. फोर्स ने थाना झांसा पुलिस के साथ मिल कर क्षेत्र की जनता को भय मुक्त करने के लिए फ्लैग मार्च निकाल कर जागरूक किया। यह फ्लेग मार्च थाना प्रभारी जगबीर सिंह व आर.ए.एफ. फोर्स के कमांडेंट राकेश कुमार की अध्यक्षता में निकाला गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ की (आर.ए.एफ.) यूनिट की जवानों की एक कंपनी गृह मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार राकेश कुमार कमांडेंट के निर्देशानुसार सहायक कमांडेंट राजीव कुमार के नेतृत्व में एक कंपनी जिसमें करीब 50 जवान 10 महिला जवानों की एक टुकड़ी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च के लिए पहुंची है।

जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की जनता को भयमुक्त करने के साथ समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उनका मनोबल बढ़ाने का है। साथ ही नागरिकों को अपने कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए प्रेरित करना है। इस फोर्स में मुख्य रूप से सहायक कमांडेंट राजीव कुमार, निरीक्षक राजवीर, निरीक्षक जसविंद्र सिंह, निरीक्षक नीरज कुमार एवं महिला टुकड़ी में निरीक्षक मीतू कुमारी, उप निरीक्षक कविता नरवाल आदि मौजूद रहे।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**